ber, 1981 together with an explanatory memorandum regarding rates of exchange for conversion of certain foreign currencies into India currency or *vice-versa.*

(vi) GSR 562(E) published in Gazette of India dated the 20th October, 1981 together with an explanatory memorandum regarding revised rate of exchange for conversion of Swiss Franc into Indian currency of vice-versa in supersession of notification dated 1st October, 1981.

(vii) GSR 563(E) published in Gazette of India dated the 20th October, 1981 together with an explanatory note ragarding reduction in the export duty on groundnut kernel.

(viii) GSR 960 published in Gazette of India dated the 31st October, 1981 together with an explanatory memorandum making certain amendment to notification No. 132-Customs dated the 2nd July, 1980 so as to add one more product of Nepalese origin found to qualify for preferential entry into India under the Indo-Nepal Treaty of Trade, 1978.

(ix) GSR 588(E) published in Gazette of India dated the 12th November, 1981 together with an explanatory note withdrawing the total exemption on coffee from the export duty leviable thereon and subjecting it to export duty at the rate of Rs. 85/- per quintal

[Placed in Library. *See* No. LT-2891/81]

(5) A statement (Hindi and English versions) on Market Loans raised and notification on sale of Special Bearer Bonds, 1991 issued by the Central Government in October, 1981.

[Placed in Library. *See* No. LT-2892/81]

ANNUAL REPORT OF CONTROLLER GENERAL OF PATENTS, DESIGNS AND TRADE MARKS FOR 1980-81

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES (SHRI BRAJAMOHAN MOHANTY): I beg to lay on the Table a copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Controller General of Patents, Designs and Trade Marks under section 126 of the Trade and Merchandise Marks Act, 1958 for the year 1980-81.

[Placed in Library. *See* No. LT-2893/81]

MR. SPEAKER: Now, Calling Attention. Shri Satyasadhan Chakraborty.

12.36 hrs

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### REPORTED MASSACRE OF HARIJANS IN DEHOLI VILLAGE IN MAINPURI DISTRICT, U.P. ON 18TH NOVEMBER, 1981

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY (Calcutta South): I call the attention of the Minister of Home Affairs to the following matter of urgent public importance and request that he may please make a statement thereon:

> 'The reported massacre of 24 Harijans in Deholi village, Mainpuri District, Uttar Pradesh on 18th November, 1981.'

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI ZAIL SINGH): It is with deep sense of anguish and pain that I have to report about the ghastly incident which occurred on the 18th November, 1981 in Deholi village, Mainpuri District of U.P. in which 24 Harijans were killed. According to the report received from the Government of U.P. due to anmity 8 desperadoes (5 Thakurs, 1 Nai, 1-Teli

[Shri Zail Singh]

and 1 Muslim) and their associates raided the houses of Jatavas at about 5 P.M. on 18-11-1981 while most of the menfolk were out in their fields. The desperadoes armed with fire arms were led by Santosha and Radhey, Thakurs of the same village. Both are wanted in several criminal cases of the district. They were armed with guns and were about 20 in number. The outrage resulted in killing of 9 males, 6 females and 9 children while 6 persons have been injured by gun shots. All the dead and injured belong to 11 Jatav families. Property worth Rs. 5,000 - was taken away. On receiving information D.I.G. Agra range and D.M./S.P. alongwith sufficient force reached the spot. Raids and combing operations were immediately started to apprehend the culprits. Police have rgistered a crime case and are investigating Vigorous efforts for the arrest of the culprits are being made. A sum of Rs. 10,000/- has been distributed to the family members by the District Magistrate on the spot as immediate relief.

As soon as word was received of the incident the Prime Minister desired me to visit the village to convey her horrer at the outrage and to provide relief and succour to the bereaved families. I visited Deholi on the 20th November, forenoon. The Chief Minister and the Home Minister of U.P. were also there. It is needless to narrate the gory scene and the devastation left behind by the desperadoes. Besides conveying the Government of India's grief at the outrage I took the occasion of discussing in detail with the Chief Minister and Home Minister of U.P. and other officials about the administrative measures to be taken in order to bring offenders to book without delay and restore confidence among the people. I announced a grant of Rs. 5,000/- for every dead member in a family and a grant of Rs. 2,000/- for every injured member from the Prime Minister's Relief Fund. The Chief Minister of U.P. has also announced a similar scale of relief on behalf of the Government of U.P.

I am sure that the House will with one voice condemn, in the strongest terms, such barbarous behaviour and convey its heart felt sympathies to all the families who are victims of this brutal outrage.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Speaker, Sir, I hang my head in shame on what has happened in Deholi village in Mainpuri District of U.P.

Sir, this is not the only case of atrocities perpetrated on the poor Harijans in our country.

I woud like to draw the attention of the House to the events which are taking place in our country starting from Belchi, Pipri and Bihar Sharif.

We find that a large number of our countrymen have been condemned to abject slavery. Of these bonded labourers, 60 per cent are Harijans. These people have been suffering for ages and this is an incident which shows the true depth of the problem.

They live in the village at the mercy of the landed gentry. Their womenfolk are not at all secure. These powerful elements in the village not only kill them at their sweet will, but they also rape their women, burn their houses, and loot their household goods.

Mr. Speaker, Sir, these types of incidents have been going on for a pretty long time. In the Parliament, when we discuss these things, we all agree that the criminals should be brought to book; but afterwards the same thing recurs in different parts of the country. This incident is not the only one; within this year a similar incident took place where more than 20 Harijans were butchered by the criminals, backed by the landed gentry.

Mr. Speaker, Sir, you will be astonished to hear that the arms used by these criminals are sophisticated arms, automatic rifles, light machineguns etc. This has been revealed by the Police.

MR. SPEAKER: Prof., I am not astonished; I am aghast.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: What are the arms which were recovered from the criminals in the same area—from Raghuvira and Jaivira? The type of arms and ammunitions which the Police recovered is a self-loading rifle with four loaded magazines, the full magazine of light-machine gun, one hand-grenade and a .303 rifle, besides ammunition. These are the things the criminals are equipped with.

In U.P., during the last 9 months of the year, more than 4200 people have been butchered and killed by these criminals. Sir, I am quoting from official figures. In U.P. alone, during the last 9 months, that is, from January, more than 4,000 people have been killed by the criminals: and, among them, more than 80 are policemen. You will be astonished to hear that in certain districts like Mainpuri, Etah etc., after dusk, even the policemen could not go out of their *thana*. This is the sort of condition that is prevailing in some of the districts of U.P.

The Government has been telling the House very often that all adequate measures will be taken. In this connection, I would like to draw the attention of the hon. Home Minister, to a letter sent by him to the Chief Ministers, in March and also in September, 1980 wherein he has suggested some preventive and precautionary measures and also punitive and rehabilitative measures. But, Sir, in U.P. no such measure was enforced. The House will be astonished to hear that Jarsana Police Station is only 6 or 7 miles away from Deholi village, but the Police did not reach the village where this murder took place, upto 11 A.M. on the next day. These have been demanding that licences should be given to them so that they can also carry arms to counter any possible threat to them.

The District Magistrate summarily rejected the prayer of the Harijans because they were poor. But who are persons who are having arms? The Thakurs, the Ahirs, the high-caste families, the landed gentry all possess arms. They can possess arms, legal and illegal. They have licence to possess arms. They have illegal arms. But when the poor Harijans go to the authorities and request them "our life is in danger and that you protect us and if you cannot protect us, give us arms", they are denied the legitimate right to defend themselves. Not only that. It is astonishing, rather unbelievable when these Harijans in Deholi village, on 18th of this month-only one mile away there was a PAC camp—were crying "save us, we have been butchered and murdered by the criminals", no one came out. The custodians of law and order were not to be found there. The PAC was not there? And when did the Police reach there? They reached at 11.0 A.M. on the 19th of November, after 24 innocent lives were lost. Some of them were children; some of them were women. They died for no crime of their own. There was none to protect them.

Are we living in a civilized society? Is there any law and order? Is there any Government to protect the fundamental rights of the Indian citizen, the right to life? That is not there. You will also be astonished to know that there was a BSF Unit. But that was withdrawn six months back because one political leader wanted that the B.S.F. should not be there. So long as the BSF was there, there was no criminal activity or there was very little activity of the criminals. The moment the BSF was withdrawn, the field was open to them. The local Police is hand in glove with the criminals. The landed gentry raised money in the village to kill these Harijans. Do you know how much money they raised? They

[Shri Satyasadhan Chakraborty]

kill these Harijans. Do you know how much money they raised? They raised Rs. 10,000/- in the village. With this money, they purchased arms and they supplied the arms to Radhey and Santosha. They belong to upper caste, the landed gentry. They have land, they have money and they have muscle power. Who are these Harijans? They are the poor farmers, they are the agricultural labourers, they are the fisherman, they are the insignificant people to them. So, they had to pay their price because they were Harijans and they were week people. And in spite of the warning, in spite of so many nice things said by the Government, every day the life of the Harijan is lost. How long can this be allowed to happen? How long can this Government be silent? Under Article 46 of our Constitution, it is the responsibility, it is the sacred duty of the Central Government to protect the lives and properties of the weaker sections—the Harijans. It is the responsibility of the Central Government to protect the Harijans from barbarous exploitation to which they are subjected to. May I ask the Home Minister what has been done in this regard? The Police Station was there, but they did not came out. The PAC was there, but they did not come out. Who is there to protect their lives? Who is there to protect their property? Who is there to protect the lives of the innocent people? There is none.

That is the law and order situation in U.P. More than 4200 lives have been lost; more than 2,900 dacoities have taken place. You have seen in the newspaper reports that criminals are looting the Lucknow-Delhi Mail. The House will be surprised to know that in the same train one Inspector and twentyfour Constables were moving. They were supposed to protect the lives of the passengers. Two of our MPs were also in the train. But what happened? They openly looted and the culprits are going scot free.

AN HON. MEMBER: Is this a Calling Attention, or a speech?

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Mr. Speaker, Sir, I am sorry, one Hon. Member is annoyed. I cannot help. I shall be annoying him when people are dying.

I would like to ask Mr. Makwana: "You went to Kerala and spoke about law and order; you went to West Bengal and spoke about law and order there but why don't you go to U.P. and tell your own people about the conditions of law and order there where more than 4,200 people have been butchered by the criminals, where, what to talk of ordinary people, even policemen are afraid of going out of the local police stations after dusk because of the criminals .... (*Interruptions*) Mr. Arif Mohammad, I know your complicity in the State. This is precisely because of the fact that in UP these criminals are enjoying the political patronage.

Mr. Speaker, Sir, I would like the Home Minister to disclose the police records of the ruling Party legislators in U.P. I want to know why is it that the Congress(I) MLA in Mainpuri was instrumental in the withdrawal of the B.S.F. from there? Mr. Speaker, Sir, the Government has assumed so many powers like under the criminal Procedure (Amendment) Act, the U. P. Government has assumed so gated ordinances. Our Ministers have now more powers. But the more power they are assuming, the more crimes are being committed. What is the reason? Until and unless there is collusion between the bureaucracy and the criminals, until and unless there is collusion between the ruling party leaders and the criminals, this cannot happen.

In our country, the atrocities on Harijans are inextricably mixed up with the question of land. These are the landless people who cultivate the land, but they are exploited and they

do not get their share. May I ask the Hon. Home Minister what steps has he taken for land reforms to give land to the landless Harijans? It is because of their weak economic position that they are subjected to all sorts of indignities. Mr. Makwana and Mr. Zail Singh go to Kerala and West Bengal for condemning those Governments where the land reforms have taken place and where the weaker sections of the people have got their lands because of the policy of the Government there and they are defending them, but why do they not go to U.P. and ask their Government to have radical land reforms so that these poor Harijans get their share of land? Why are you not trying to rehabilitate them economically? You have some programmes, but they are fruitless.

It is good that Mr. Zail Singh has visited the place. But may I ask him whether he is going to publicly condemn the UP Government which has flouted his directive issued in March 1980 and September 1980? You issued your directives in March 1980 and September 1980. What preventive measures, precautions and punitive measures were taken? Why is it that the police station remained silent? Why is it that so many hours elapsed before the police reached there? Why is it that the whole administration is in collusion with the criminals and anti-social gangs? Why is it that illicit arms are produced and used by the gangs? Why is it that the Government has pleaded inability—because the Chief Minister himself has said: 'I am guilty'? He expressed his inability to control all these things. If that is so, if the Chief Minister of a State openly says that he is not in a position to control the criminals, if he is not in a position to ensure law and order, if he is not in a position to protect the lives and properties of the Harijans, has he any right to stay for one moment in power? Is the Central Government or the Home Minister going to assure this House that the whole U.P. Ministry will be dismissed and fresh election ordered and verdict of the people sought, so that the Harijans and weaker sections of the people can have a Government of their own choice? The responsibility lies with the U.P. Government—which has failed. The law and order machinery has failed.

With these words, I would urge the hon. Home Miniser to answer these questions.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Nothing is going on record.

(*Interruptions*)**

MR. SPEAKER: Sit down. Are you really interested in something? Let the Home Minister speak. Let the Minister speak.

(*Interruptions*)**

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: Has there been any Cabinet re-shuffle?

**अध्यक्ष महोदय** : बैठिए—बैठिए ।

**गृह मंत्री (श्री जैल सिंह)** : सब बोल लें, फिर एक ही बार जवाब दे दूंगा ?

**अध्यक्ष महोदय** : बारी-बारी से लेना पड़ेगा ।

**श्री जैल सिंह** : स्पीकर साहब, मैं प्रोफेसर चक्रवर्ती के उन जज़बातों के साथ जो हरिजनों के प्रति उन्होंने प्रकट किए हैं, सेंट-पर-सेंट सहमत हूं और जिस जज़बात के साथ वे बोले और उसके बाद इस बात का मुझे थोड़ा सा आश्चर्य हुआ जब उन्होंने आपसे पता किया कि

**Not recorded.

[श्री जैल सिंह]

क्या कैबीनेट में कोई रीशफलिंग होने वाली है। मैं समझता हूं कि यह बात बिल्कुल असंगत है। हरिजनों का मसला हमारे सामने है और कबीनेट की रीशफलिंग नहीं हो रही है और हो भी जाए तो इससे आपको क्या मिलेगा।

12.59 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

आगे उन्होंने जिक्र किया कि वहां सोफिस्टिकेटेड आटोमेटिक वैपन्स का और हैण्ड ग्रिनेड का इस्तेमाल किया गया। मैं वहां पर दो-तीन घण्टे रहा तब हैण्ड ग्रिनेड के इस्तेमाल की बात किसी ने नहीं कही, मगर शस्त्रों के मुतल्लिक अभी तक स्टेट गवर्नमेंट जानकारी प्राप्त कर रही है कि किस किस्म के शस्त्र इस्तेमाल किए गये थे। उसके आने पर ही हम कुछ बता सकते हैं। उनका यह खयाल था कि लास्ट जनवरी से ले कर चार हजार कत्ल—उत्तर प्रदेश में हुए हैं। यह गिनती उन्होंने कहां से ली मैं नहीं कह सकता हूं। इसलिए मुझे इस बात की चर्चा करने की कोई जरूरत नहीं है।

13 hrs.

लोकल थाना उन्होंने कहा कि सिर्फ छः मील है। इस में भी मुझे शक है कि यह ज्यादा है या कम है। वहां के लोगों ने बताया था कि काफी दूर है और कोई रास्ता नहीं है, सड़क भी नहीं है, रेलवे स्टेशन भी नहीं है। इसलिए बहुत देर के बाद थाने वालों को पता चला और जब उनको पता चला तो उसी वक्त वे वहां पहुंच गए। दूसरे दिन वे पहुंचे और जो कुछ कर सकते थे किया। लेकिन मुझे भी इस बात का अफसोस है कि वे दूसरे दिन पहुंचे। पहले दिन उनको पहुंचना चाहिए था। लेकिन बात यह है कि जो जड़ थी लड़ाई की वह केवल हरिजनों और नान-हरिजनों की नहीं थी। बात यह थी कि वहां पर हरिजन भी हैं और उनके भी दो ग्रुप हैं। एक चमार हैं दूसरे बाल्मीकि हैं। बाल्मीकियों को आमतौर पर उन्होंने कुछ नहीं कहा। सिर्फ उनको मारा जो चमार थे, जाटव थे और मारने वाले भी केवल राजपूत नहीं थे। ठाकुरों ने रहनुमाई की और उस में एक मुसलमान भी था, नाई भी था, तेली भी था। ये भी वहां शामिल थे। बात यह थी कि जिन्होंने कत्ल करने की रहनुमाई की उनके खिलाफ इन हरिजनों ने जाटवों ने शहादत दी थी पुलिस के पास। शहादत देने के बाद उनको इस बात का खतरा था कि ये ठाकुर हमको मारेंगे। उन्होंने पुलिस से प्रार्थना की और पुलिस ने वादा किया कि हम आपको शस्त्र दे देंगे। लेकिन उन्होंने शस्त्र नहीं दिए। इसलिए उनका हौसला बढ़ा। यह पुलिस का कसूर था। वहां मुख्य मंत्री ने प्राम्प्ट एक्शन लिया है और जो इस वक्त उस थाने में थे उनको सस्पेंड किया है। इनक्वायरी वे कर रहे हैं और उनको सजा मिलेगी कि उन्होंने उनको शस्त्र क्यों नहीं दिए। मैंने वहां भी कहा था और अब भी कहता हूं कि ऐसा मौका जहां हो वहां हरिजनों को शस्त्र सरकार की तरफ से कीमत लगा कर देने चाहियें ताकि वे अपनी रक्षा कर सकें।

माननीय सदस्य कह रहे थे कि क्या हम सभ्य समाज में रह रहे हैं? यह बात उनके और हमारे बीच में एक जैसी है। सभ्य समाज नहीं बना उसके क्या कारण हैं, क्या वजूहात हैं उस पर कभी पार्लियामेंट में चर्चा करने का किसी ने यत्न नहीं किया। अब जब कोई चीज हो जाती है तब दूसरों को कहना बड़ा सुखल्ला होता है, मुश्किल नहीं होता। लेकिन जिम्मेवारी जिनके सिर पर होती है उनको सही बात भी कहनी पड़ती है, बढ़ा चढ़ा कर वे बात नहीं कर सकते हैं।

बी० एस० एफ० का वहां कुछ समय पहरा रहा। उसकी वजह से वहां शान्ति रही। लेकिन उनका कहना है कि बी० एस० एफ० को राजनीति की वजह से हटा दिया। यह सही नहीं है। राजनीतिक कोई कारण नहीं था। पुलिस को इस बात का खयाल हुआ कि अब अमन और शान्ति है, वहां कोई झगड़ा नहीं है, इसलिए वहां से बी०एस०एफ० को वापिस ले लेना चाहिए और उसको वापिस ले लिया गया था।

माननीय सदस्य ने पूछा है कि सरकार ने और गृह मंत्री ने क्या कदम उठाए हैं। मैंने मुख्य मंत्री और राज्य के गृह मंत्री और बड़े अफसर जो आए थे उनके साथ बैठ कर डिसकस किया था। हमने पहले भी तमाम प्रान्तीय सरकारों को कहा था और अपनी सेंट्रल कौंसिल को भी कहा था कि हरिजनों, गरीबों और माइनोरिटीज को पुलिस में ज्यादा भरती किया जाए ताकि वर्दी वाले लोग भी उनकी रक्षा कर सकें। उनकी गिनती ज्यादा हो। कहीं कहीं यह बात सफल हुई है और कहीं कहीं नहीं भी हुई है। उसके कई कारण हो सकते हैं। तीन चार साल पहले ऐसा वातावरण हो गया कि यादव ने यादव को भरती किया, ब्राह्मण ने ब्राह्मण को किया और जाट ने जाट को किया और उस वजह से पुलिस में ऐसी बीमारी आ गई कि वह जाति पांति के लिहाज से चलने लगी। क्योंकि यहां आपने देखा हिन्दुस्तान में यह भी हो सकता है कि जो जाति पांति को मानने वाले हों वह होम मिनिस्टर भी बन सकते हैं, प्रधान मंत्री भी बन सकते हैं। तो ऐसी बीमारियों को रोकने के लिए मैं माननीय चक्रवर्ती के जज्बात से सहमत हूं कि हमारा एक कोड आफ़ कंडक्ट होना चाहिए कि पोलिटिकल पार्टीज जो अपना प्रोग्राम बनाती हैं, जिस पर दस्तखत किये जाते हैं उस पर सब को चलना चाहिए और नियम नहीं तोड़ना चाहिए। जाति पांति और ठेकेदारी की बीमारी बहुत खतरनाक है और यह अभी तक खत्म नहीं हुई है। इसको खत्म करने के लिए विरोधियों का भी फर्ज है कि इसमें सहयोग दें और इसको जितना हो सके कंडेम करें।

इसके साथ साथ हमने यह भी विचार किया है कि कुछ इलाके ऐसे हैं जहां पर बहुत बदमाश रहते हैं, और उन डकैतों, बदमाशों को मारने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश तीनों ने मिल कर जॉइण्टली एक प्रोग्राम बनाया और बहुत से लोगों को मारा भी। मगर अभी तक इस इलाके में लोग छुपे हुए हैं, और उनके बचने का जो कारण है वह इस वजह से है कि कोई शहादत नहीं देता है, लोग डरते हैं। जो शहादत देता है उसको मार देते हैं। इसके लिए भी हमने विचार किया है कि उन लोगों की रक्षा की जाये जो लोग कमजोर हैं और इस बात के लिए सहायक बनते हैं कि कल-प्रिट को पकड़ायें और पुलिस को मदद करें।

उन्होंने कहा कि भूमि सुधार का काम नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश में काम हुआ है। जहां पर मैंने विजिट किया है उस गांव के लोगों ने मुझे बताया कि भूमि सुधार की वजह से 4-4 एकड़ जमीन उन गरीबों को मिली। लेकिन वह जमीन बहुत काम है, ज्यादा पैदावार नहीं देती। उनका ख्याल था कि हम अभी भी कमजोर हैं। यह जो कत्लेआम होता है वह गरीबी और अमीरी के कारण नहीं है। यह तो एक नफरत का बीज बोया जाने के कारण है। गुलाम हिन्दुस्तान में गरीब ज्यादा थे और पोलिटिकली भी उसकी कोई हैसियत नहीं थी और समाज में भी उसका कोई स्थान नहीं था। लेकिन आज ऐसा नहीं है, सोसाइटी में आज उसका स्थान बड़े से बड़े आदमी के बराबर है। पोलिटिकली उनका रिजर्वेशन है, उनकी शिक्षा के लिये, आई० ए० एस०, आई० पी० एस० तथा अन्य ऊंचे स्थानों को प्राप्त करने के लिये सरकारों ने कोचिंग सेन्टर बनाये हैं, उनको आगे लाया जाता है और इतना इंतजाम किया जाता है

[श्री जैल सिंह]

कि मैं कह सकता हूं कि भारत में हरिजन कमिश्नर के पद तक पहुंच गये हैं, चीफ सेक्रेटरी हो गये हैं और बड़े से बड़े ओहदे उनको प्राप्त हो रहे हैं।

**श्री सूरज भान** (अम्बाला) : हिन्दुस्तान अब भी हरिजनों के लिये जहन्नुम बना हुआ है।

**श्री जैल सिंह** : मेहरबानी करके आप धीरे से बोलें तो मैं समझ सकता हूं।

**एक माननीय सदस्य** : आप हरिजन होते तो समझ जाते।

**श्री जैल सिंह** : यह सब नफरत के बीज बोये जाने के कारण है। लेकिन अब हरिजन अपने पैर पर खड़े हो गये हैं। किसी की हिम्मत नहीं है, आज इतना जमाना बदल गया है, जरा सोचिये....

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : मैं अपने क्षेत्र से आ रहा हूं, नौबतपुर में कत्ले-आम हो रहा है।

**श्री जैल सिंह** : आज हिन्दुस्तान में बड़े से बड़ा कारखानेदार भी खड़े हो कर यही कहता है कि मैं तो मजदूर हूं, पेट के लिये काम करता हूं। अब कोई अपने को लैंड लार्ड नहीं कहता, मनीलैंडर नहीं कहता। यह लोगों के दिलों में सम्मान हो गया है, इज्जत हो गयी है गरीब, मजदूर और हरिजन के लिये। यह परिवर्तन है। इसमें जो कुछ कमियां हैं तो वह भी साथ साथ आती हैं। आपको मालूम है कि उनको मारने तक क्यों जाते हैं? उनकी एक वजह यह है, आपने भी ठीक कहा, कि हरिजन गरीब लोगों को जो खेती-बाड़ी में काम करते हैं, मिनिमम वेज के मुताबिक उनको वेज नहीं दिया जाता। जब वह मांगते हैं, तो उनको पीटते हैं। पिपरा गांव में भी यही बात हुई थी, लोगों ने सिर्फ वेज मांगा था और उन्हें दिया नहीं गया।

आज भी मैं कह सकता हूं कि गवर्नमेंट के इस कानून को गांवों में नहीं माना गया। जो लैन्डलार्ड हैं, खेती करते हैं, नौकर रखते हैं, जो उनकी नौकरी मुकर्रर की गई होती है, वह देते नहीं हैं। जब वह मांगते हैं तो सब उनके खिलाफ खड़े हो जाते हैं। कोई जमाना था, कि ये लोग मांग भी नहीं सकते थे, लेकिन आज इतनी बात हो गई है कि वह मांगते हैं और मांगने की वजह से उन पर गोली और लाठी चलती है।

**श्री राम विलास पासवान** (हाजीपुर) : जो हरिजन अफसर मदद करेगा पिपरा कांड में उसको डिग्रेड किया जायेगा। आप वहां जाकर बहादुरी का तमगा देते हैं कि तुमने अच्छा काम किया और इसीलिये वहां उसको डिग्रेड किया जायेगा?

**श्री जैल सिंह** : पासवान जी, जिनको एवार्ड देना चाहिये था, उनको डिग्रेड किया गया, यह बात....

**श्री राम विलास पासवान** : आपकी इंटेंशन साफ है, आप चाहते हैं, लेकिन राज्य सरकार आपकी बात पर अमल नहीं करती है। मेरा इतना ही कहना है। मैं आप पर दोषारोपण नहीं करता हूं। आप ईमानदारी पूर्वक चाहते हैं, लेकिन उनका इम्प्लीमेंटेशन नहीं होता है। इसको आप कैसे करवायेंगे?

**श्री जैल सिंह** : यह तो पासवान जी की मेहरबानी है कि वह मुझे दोषी नहीं ठहराते, लेकिन साथ ही कमजोर ठहराते हैं कि मेरा हुक्म नहीं माना जाता है।

**श्री राम विलास पासवान**: आप कमजोर हैं।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: I have with me your directives which you issued in March and September. They exactly contain what I said. But your Chief Minister is flouting them. Your administration is flouting them. You are saying that you have done so much for Harijans. But they are on paper only. Actually 80 per cent of them are below the poverty line? Can you tell me why?

**श्री जैल सिंह** : अब चक्रवर्ती साहब भी मेरी शराफत को कमजोरी समझते हैं, तो मेरा कहना यह है कि शराफत कमजोरी नहीं होती। पोलाइटनैस में फर्मनैस मौजूद है, लेकिन

कहां हमें इस्तेमाल करनी है, कब करनी है, कैसे करनी है, यह हम जानते हैं। आप इस बात का नाजायज फायदा न उठाइये, बैठे-बैठे न बोलिये।

चीफ मिनिस्टर को भी कायदे के मुताबिक......

**एक माननीय सदस्य** : चीफ मिनिस्टर आपका कायदा नहीं मानता।

**श्री जैल सिंह** : कायदा क्यों नहीं मानते, बिल्कुल मानते हैं। भारत के संविधान के मुताबिक ला एंड आर्डर की जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेंट की है। स्टेट गवर्नमेंट के चीफ मिनिस्टर को मजबूर करना, नाजायज तौर पर तंग करना कोई कायदे की बात नहीं है। सारे चीफ मिनिस्टर, इन्कलूडिंग सी०पी० आई० और सी०पी०एम०, हमारी बात को मानते हैं? ख्वामख्वाह हम उनकी निन्दा क्यों करें, क्या फायदा? आप हममें लड़ाई डालना चाहते हैं।

*(Interruptions)***

MR. DEPUTY-SPEAKER: Except the reply of the Minister, nothing will go on record. There is a time-limit. We should follow some rule. The Minister also will reply only to the original points raised by Shri Chakraborty, not the new points.

*(Interruptions)***

MR. DEPUTY-SPEAKER: We are discussing a very serious subject. But I do not find any seriousness in the House.

**श्री जैल सिंह** : डिपुटी स्पीकर साहब, मैंने कहा है कि सरकार इस मामले में बहुत गंभीरता से, बड़े दुख से, बड़े अफसोस से सोचती है। श्री चक्रवर्ती प्रोफेसर हैं और प्रोफेसर साहब से मैं यह आशा नहीं करता था कि वह मुझ से पूछेंगे कि वैस्ट बंगाल में क्या हो रहा है। मैं वह भी बता दूंगा, लेकिन क्या फायदा? मैं चाहता नहीं हूं।

आप एक बात मानेंगे कि संसार में ताकतवर और जोरावर हमेशा गरीबों को दबाते हैं और कमजोर करते हैं—और अब भी कर रहे हैं। यह सिर्फ हिन्दुस्तान की बात नहीं है, मजबूत कौमें और मुल्क छोटी कौमों को दबा रहे हैं। हर गांव में, हर परिवार में कमजोर को दबाया जाता है। लेकिन हम कमजोर के साथ खड़े हैं। हम कमजोर की मदद करेंगे और जोरावरों को खत्म कर देंगे।

**Not recorded.

**13.15 hrs.**

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned till 14.15 hrs. for lunch.

*The Lok Sabha adjourned for Lunch till fifteen minutes past Fourteen of the Clock.*

*The Lok Sabha re-assembled after Lunch at twenty minutes past Fourteenth of the Clock.*

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE —*Contd.*

REPORTED MASSACRE OF HARIJANS IN DEHOLI VILLAGE IN MAINPURI DISTRICT, U.P. ON 18TH NOVEMBER, 1981—*Contd.*

**श्री रामावतार शास्त्री** : उपाध्यक्ष जी, आप भी ट्रेड यूनियन के लीडर रहे हैं। यदि आपकी आज्ञा हो तो मैं कुछ निवेदन करूं। आज यहां पर इतना बड़ा डिमांस्ट्रेशन हो रहा है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is not allowed in Calling Attention. Mr. Jharkhande Rai may speak.

*(Interruptions)***

MR. DEPUTY-SPEAKER: This will not go on record.

*(Interruptions)***

MR. DEPUTY-SPEAKER: You raise it in a proper manner. That is a serious problem. You raise it in a proper manner.

*(Interruptions)***

MR DEPUTY-SPEAKER: Except Mr. Jharkhanda Rais, nothing will go on record.

*(Interruptions)***

**Not recorded.

**श्री झारखंडे राय** (घोसी) : मान्यवर, मालूम होता है कि उत्तर प्रदेश में कोई सरकार है ही नहीं। जनता पार्टी के शासन के दो वर्ष बीतने के बाद जो स्थिति आम जनता के मन में हो गई थी, करीब करीब वही अब हो गई है जैसे कि वहां पर कोई राज्य है ही नहीं।

श्रीमती इंदिरा गांधी के चुनाव प्रचार में मुख्य रूप से दो वायदे किए गए थे—एक महंगाई को सम्हालने का और दूसरा शांति-व्यवस्था को ठीक करने का। यह दोनों ही वायदे खोखले साबित हुए हैं।

घटनाओं की तालिका बहुत लम्बी है। देवली काण्ड तो उस जंजीर में एक बड़ी कड़ी है। यदि पीछे देखा जाए तो पिछले 35 वर्षों में चार शासन बदले हैं। तमिलनाडू में सम्भवतः एक गांव है जहां 46 आदमी मारे गए थे। हमारे प्रदेश में गाजीपुर में शेरपुर गांव में 300 घर हरिजनों के जला दिए गए थे——आपके ही कांग्रेस शासन में। 1970 में बस्ती जिले में मजगवां में, जोकि नेपाल के सीमांत पर है, हरिजनों के 30 घर लूटे गये, जला दिये गये और गिरा दिए गए थे। बेलची तो कुख्यात है ही। वहां पर इंदिरा जी गई तो उनका बहुत नाम हो गया। नारायणपुर को भी सभी जानते हैं——वहां पर स्वर्गीय संजय गांधी गए थे और इंदिरा जी भी गई थीं। मैनपुरी में ही 11 हरिजन आदमियों को एक गांव में और हत्या की गई थी जिसके बाद अब यह देवली काण्ड है।

ऐसी नृशंस घटनायें होने का मूल कारण क्या है——इसका कुछ वर्णन यहां पर किया जा चुका है। इस संबंध में कुछ शास्त्री जी ने भी कहा है और कुछ इधर बैठने वाले हमारे माननीय सदस्यों ने कहा है। मैं उन पर नहीं जाऊंगा मूल क्या है? भारतीय समाज में वर्गभेद और हिन्दू समाज की वर्ण व्यवस्था और जाति-व्यवस्था ही इसके मूल कारणों में हैं। ऐसी घटनायें पहले भी होती रही हैं। ऐसा नहीं है कि पहले ऐसी घटनायें नहीं होती थीं, अभी होने लगी हैं। पहले चूंकि उस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता था इसलिए कि वह वर्ग एवं वर्ण समाज का स्वाभाविक क्रिया कलाप मान लिया जाता था। लेकिन अब हरिजन खेत मजदूर ऐसी घटनाओं का विरोध और प्रतिरोध करते हैं और अब वे जुल्म बर्दाश्त करने से इंकार करते हैं। इसीलिए ऐसी घटनाओं का प्रकाशित इतने बड़े पैमाने पर हो रहा है जोकि उचित और स्वागत योग्य है। सामन्ती अवशेषों का देहाती जीवन में 35 साल की आजादी के बाद भी बना रहना, उनका समाप्त न होना बल्कि दूसरी शक्ल में उनका मजबूत हो जाना ही ऐसे अत्याचार होने का मूल दूसरा कारण है। यदि सामन्ती अवशेषों को देहाती जीवन से पूर्ण रूप से समाप्त नहीं किया गया तो ऐसी घटनायें होती रहेंगी और ला एंड आर्डर की व्यवस्था से उसको सम्हाला नहीं जा सकता है। हमारी प्राचीन हिन्दू वर्ण व्यवस्था के शूद्र ही आज हरिजन हैं और भारत के दासयुग के दास मानव ही आज हरिजन और आदिवासी हैं। आजादी के 35 साल के बाद भी इस समस्या को न सुलझाने की जिम्मेदारी 1947 से आज 1981 तक के हुक्मरानों की है जिन्होंने 1947 से लेकर 1981 तक सारी परती और बंजर जमीन तथा अच्छी किस्म की जमीन पर हदबन्दी लगाकर फाजिल जमीन को खेत मजदूरों एवं हरिजनों में बांट नहीं सके। कानून बहुत बने हैं, लेकिन कानून से निकलने के रास्तों या झरोखों को छोड़ दिया गया। हजारों हजार एकड़ के

फार्म आज भी अनेकों प्रकार से हमारे देश में मौजूद हैं। पुराने राजे-रजवाड़ों, सामन्तों-भूस्वामियों, बड़े पूंजीपतियों, बड़े अधिकारियों और बड़े राजनीतिक नेताओं—पांचों प्रकार के लोगों के पास बड़े फार्म हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have given sufficient background. Please come to the question proper. You call the attention of the Government certain issues. It is not a general speech.

Shri Satyasadhan Chakraborty has taken most of the time.

**श्री झारखण्डे राय :** अगर यह सारी जमीन बांट दी गई होती, हरिजन-आदिवासी में आत्म-सम्मान का भाव पैदा हुआ होता, स्वावलम्बन पैदा हुआ होता, गौरव पैदा हुआ होता तो वे इन अत्याचारों का विरोध कर सकते थे। कांग्रेस सरकार में उच्चतम पदों से लेकर नीचे तक हरिजन लोग वहां गए, बाबू जगजीवन राम जी तो देश की कांग्रेस एवं जनता पार्टी सरकार के कर्णधार ही रहे हैं, लेकिन हरिजनों की इस स्थिति को बदलने के लिए उनकी ओर से कोई प्रयास नहीं किया गया। मैं नहीं जानता कि नेहरु जी के दरबार में या इंदिरा जी के दरबार में जगजीवन राम ने किसी ऐसे क्रांतिकारी भूमि सुधार के विषय को लेकर अंगद का पांव अड़ा दिया हो। हां हरिजनों की स्थिति का लाभ अपने सत्ता में आने और बने रहने के लिए जम कर किया गया है। हरिजनों को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के मेन-स्ट्रीम से अलग रखा गया, मैं पूछना चाहता हूं कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अम्बेडकर साहब, उनका रोल जंगे आजादी के जमाने में, रंगा जी शायद मुझे साक्षी देंगे, यही रहा है। उन्होंने अपने जीवन में गांधीजी को रुला दिया था। जंगे आजादी के मेन-स्ट्रीम से अलग होने के बाद हरिजन कटे-छंटे बने रहे थे और समाज ने तो उनको पहले ही अलग कर रखा था। अम्बेडकर जी ने भगतसिंह की लाइन पर चले, जिस लाइन पर हम लोग थे, मैं था, न सुभाषचन्द्र बोस की लाइन पर चले, न गांधी जी की लाइन पर चले, उन्होंने उस युग में वही रास्ता अपनाया, जो मुस्लिम लीग और श्री जिन्ना ने अपनाया, था। राममोहन राय, दयानन्द, गांधी जी और अनेकानेक सुधारवादी नेताओं ने, जो कि समाज सुधारक थे, दलित वर्ग में समाज एवं वर्ण व्यवस्था के खिलाफ विद्रोह का भाव पैदा नहीं किया। वे उनको उच्च वर्ग के रहमोकरम, उनकी दया की भीख पर ले जाना चाहते थे, रखना चाहते थे। इसलिए हरिजनों में जो विद्रोह का भाव पैदा होना चाहिए था, वह नहीं हुआ—न समाज व्यवस्था के खिलाफ, न वर्ण व्यवस्था के खिलाफ, न वर्ग व्यवस्था के खिलाफ। हरिजनों में शिक्षित और बुद्धिजीवी पैदा हुए और इसमें भी कोई शक नहीं है आजादी के बाद भी और ज्यादा शिक्षित और बुद्धिजीवी पैदा हुए। उसी तरह के पैटी बुर्जुवा, जैसे अंग्रेजों के जमाने में, अंग्रेजी पढ़े-लिखे लोग भारत में पैदा हुए, जिन्होंने अपने समाज से घृणा करके अंग्रेजी समाज से ज्यादा लगाव रखने लगे। यह पैटी बुर्जुवा की प्रवृत्ति हमारे हरिजन उच्च वर्ग समुदाय में पैदा हुई, पढ़े लिखे लोग पैदा हुए, वे अपना वर्ग एवं जाति का सुधार, अपना समुदाय उद्धार, उनके अन्दर बगावत की भावना पैदा न करके उच्च जाति के लोगों के साथ, उच्च वर्ग के लोगों के साथ आने जाने लगे और छोटी-मोटी नौकरियों में ही फंस गए तथा अपने दलित समाज का क्रांति पक्षीय विकास का रास्ता छोड़ दिया।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद अब हरिजन समुदाय वर्ग-संघर्ष का पथ छोड़ कर किसी भी पूंजीवादी सत्ता का मुख्य आधार बन गया है। नारायण पुर और देवरिया कांड को लेकर श्री बनारसीदास की सरकार को

[ श्री झार खंडे राय ]

बरखास्त कर दिया गया था, लेकिन अब इतनी बड़ी राष्ट्रीय घटना के बाद क्या उत्तर प्रदेश की सरकार को बरखास्त नहीं किया जा सकता है— यह एक प्रश्न मैं माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। जो सरकार एक उपचुनाव नहीं करा सकती है, उसमें स्वयं अपनी स्वीकारोक्ति के अनुसार अक्षम है। एक नागरिक को मौलिक स्वतन्त्रता और जीवन-रक्षा का संरक्षण नहीं दे सकती है, क्या उसको सचमुच नैतिक अधिकार है सरकार बने रहने का अथवा कहलाने का ? यों ज्ञानी जी वह आपकी इच्छा है कि उस सरकार को बरखास्त करें या न करें, यह तो आपके हाथ में है।

गृह मंत्री जी देवेली गए, उन्होंने यह काम ठीक किया। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी, वहां पर नहीं जा सकती थी ? बेलछी तो इतनी दूर पर बसा है, वहां पर तो उनको हाथी पर चढ़कर जाना पड़ा, लेकिन यहां तो ऐसी बात नहीं थी। अब तो राजकीय साधन उपलब्ध हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Had the Prime Minister gone there, you would have said why should the Home Minister not go there?

**श्री झारखण्डे राय** : ऐसा न कहिये। उस से उनको बल मिलेगा, नैतिक सहारा मिलेगा, उन के अन्दर जान आजायेगी।

अब कुछ प्रश्न उठ रहे हैं—हमारे जो हरिजन खेत मजदूर हैं, क्या अब उन का जुझारू-वर्ग-संगठन नहीं बनना चाहिये ? मैं खास कर उन मान्यवरों से पूछना चाहूंगा—जो संयोग से उसी बिरादरी में पैदा हुए हैं—क्या अब भी उन का जुझारू-वर्ग-संगठन नहीं बनना चाहिये ? क्या उन्हें भी अपनी रक्षा के लिये आर्म्ड-जत्था नहीं बनाना चाहिये जो ऐसे मौकों पर अपनी रक्षा कर सके ? कब तक वे पुलिस, सरकार और किसी नेता के रहमो-करम पर जिन्दा रहेंगे ? क्या अब समय नहीं आ गया है कि भारतीय राजनीति में जो आर्म्डफरोर्सेज में हरिजन या अन्य दुर्बल वर्ग के लोग हैं, वे अपनी बन्दूकों का निशाना बदल दें ? इस लिये मैं कहना चाहता हूं—उत्तर प्रदेश की सरकार को सरकार में बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं रह गया है। मैं सादर और विनम्र-भाव से अनुरोध करना चाहता हूं—इन को हटाने का असर पूरे देश पर पड़ेगा। यह आप की पार्टी के हित में है, याद रखिये न हम वहां मुख्य मंत्री बनेंगे और न हमारी पार्टी वहां सत्ता में आयेगी, लेकिन वहां पर परिवर्तन होने से एक नया भाव पैदा होगा।

उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने स्वयं इस बात को माना है और कहा है कि इस के लिये मैं जिम्मेदार हूं, मैं अपने ऊपर जिम्मेदारी को लेता हूं। मैं आंकड़ों में नहीं फंसूंगा कि कितने प्रतिशत अपराध बढ़े हैं, क्योंकि इस से कोई फायदा नहीं है। आंकड़ों से समाज को शान्ति नहीं मिलती है, बल्कि परिणाम-परिवर्तन से शान्ति मिलती है। मेरे पास उन के बयान की प्रतिलिपि है, मैं उसे पढ़कर सुना सकता हूं, हमें उन की साहसिक स्वीकारोक्ति का सम्मान करना चाहिये। हरिजनों को बड़े पैमाने पर बिना उनकी प्रापर्टी का ख्याल किये हुए हथियार दिये जाने चाहियें। सरकारी पैसे से हर गांव और हर बस्ती में हरिजन नौजवानों को वे हथियार दिये जाएं ताकि वे ऐसे मौकों पर स्वयं अपनी रक्षा कर सकें, अपने परिवार, धन और सम्पत्ति की रक्षा कर सकें।

मंत्री जी का जो स्टेटमेंट आया है वह साफ नहीं है। झगड़ा क्या था—उन्होंने

अपने बयान में इस बात को बड़ी बारीकी से डाइवर्ट कर दिया है, उस में कह दिया है कि उस में एक नाई था, एक तेली था, यह सब असली बात को डाइवर्ट करने के तरीके होते हैं, इस तरह से जो असली कन्फ्लिक्ट होता है, जो वास्तव में शोषित जनता से शत्रुता कर रहा है वह आंख से ओझल हो जाता है। यह सही तरीका नहीं है, यह जातिवाद को मिटाने का नहीं, बल्कि उस को प्रीजर्व करने और बढ़ाने का तरीका है। इस लिये, श्रीमन्, जो दो-तीन सवाल मैंने उठाये हैं—हरिजनों को हथियार दिया जाना, उन का सशस्त्र-रक्षात्मक जत्था बनाना और वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार को डिस्मिस करना, उस का वहां पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह गया है— इन पर मंत्री जी अपना साफ वक्तव्य दें। जहां तक घटना की व्याख्या का प्रश्न है— उस पर उन्होंने काफी कह दिया है। वह वहां गये थे, मैं भी वहां गया था और मेरे पूर्व-वक्ता ने भी इस सम्बन्ध में काफ़ी आंकड़े दे दिये हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति ऐसी आ गई है, जिस से लगता है कि वहां पर कोई सरकार ही नहीं है।

**श्री जैल सिंह**: डिप्टी स्पीकर साहब, झारखण्डे राय जी ने अपने विचारों को प्रकट करते हुए बहुत सुन्दरता से हरिजनों के हालात का नक्शा खींचा है। जहां तक हरिजनों की भलाई का सवाल है, उस में हम सब इत्तिफाक करते हैं। उन का यह ख्याल की उत्तर प्रदेश में सरकार नहीं है—यह निराधार है। उत्तर प्रदेश की सरकार बहुत से ऐसे काम हैं जिन को बहुत इफेक्टिव तरीके से कर रही है, लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश में हमारे विरोधी दलों की सरकार नहीं है। मैं यह भी याद दिलाऊं . . .

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Zail Singh, by saying that the Government should be dismissed, you should know that he has accepted that there is a Government.

**श्री जैल सिंह**: शास्त्री जी, आप को बहुत बड़ा अधिकार है कि आप बैठे हुए बोलते रहें, लेकिन यह तो पता ही नहीं लगता कि आप बैठे हैं या खड़े हैं . . .

**श्री रामावतार शास्त्री** : इस वक्त तो मंत्री जी खड़े हैं।

**श्री जैल सिंह** : यह भी याद दिलाया कि इन्दिरा जी ने कहा था कि देश की शान्ति व्यवस्था को ठीक करेंगे क्योंकि वह बहुत बिगड़ रही थी और लोगों ने इसीलिए हम को वोट दिये थे। तो मैं राय साहब को यह कहूंगा कि आप को शान्ति व्यवस्था के मामले में आंकड़े ले लेने चाहियें हमारी सरकार के भी और पुरानी सरकार के भी और हर महीने के और हर मौसम के कि क्या-क्या आंकड़े हैं। अगर आंकड़ों को देखा जाए, तो मालूम होगा कि यह व्यवस्था बहुत हद तक सुधरी है और सुधरती जा रही है. . . **(व्यवधान)** . . . आप बैठे-बैठे कमेन्टरी क्यों कर रहे हैं। यह खेल है क्या ?

**श्री रामावतार शास्त्री** : इंटरप्शन का तो हमारा राइट है।

**श्री जैल सिंह** : मैं राय साहब का बहुत सत्कार करता हूं। वे एक इन्कलाबी देशभक्त हैं और निडरता से, हिम्मत से, दिलेरी से वे अंग्रेजों की सरकार के साथ लड़े थे और उन के जज़बात की कद्र करते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि उन का जो यह ख्याल है कि हरिजनों में आत्म-सम्मान का भाव पैदा नहीं हुआ है, यह ठीक नहीं है। उन में आत्म-सम्मान का भाव पैदा हुआ है। हरिजनों में इस बात का भाव पैदा ही नहीं हुआ है बल्कि इस बात का अहसास कर के वे अपने हाथ, अपनी जबान और अपनी कलम को उठा सकते हैं। अब उन में इतनी दिलेरी है। अब वे ही लोग उन को मारने पर तुले हुए हैं, जो प्राचीन

[ श्री जैल सिंह ]

जाति और मान को अपने दिमाग से निकालना नहीं चाहते। उन का पहले यह ख्याल था कि क्या हरिजन हमारे सामने बोलेगा, क्या एक हरिजन असेम्बली का मेम्बर हो कर हमारे बराबर में बैठेगा, क्या एक हरिजन मिनिस्टर यहां आएगा ? उन को पहले यह अच्छा नहीं लगता था और इसलिए वह हरिजनों को डांटता था, मारता था और उन की बहु-बेटियों की बेइज्जती करता था और जो गाली वह हरिजन को देता था, उस को लेकर वह अपने घर चला जाता था लेकिन आज हरिजन गाली ले कर घर नहीं जाता है। आज हरिजन मुकाबला करता है और इसलिए उस को बन्दूक की गोली खानी पड़ती है। यह चीज तरक्की की निशानी है और इस तरक्की में थोड़ा-बहुत नुकसान तो जरूर होगा। आप को यह मालुम है कि कोई भी चीज जब पैदा होती है, तो उस की पैदाइश में थोड़ी पीड़ा तो सहनी पडती है। यह हरिजनों के आत्म-सम्मान का समय है क्योंकि आज वह हिम्मत से इस बात को देखता है कि उस के खिलाफ क्यों लोग चोरी के हथियार ले कर उठते हैं। इसलिए मैं यह समझता हूं कि इस बात के लिए आप को कोई चिन्ता नहीं करनी चाहिए। थोड़े दिन की बात है, हरिजनों को मारने की बात मिट जाएगी। अभी अभी मेरे पास एक मेम्बर ने आ कर बताया कि एक जगह पर—मैं उस जगह का नाम भूल गया हूं— ठाकुरों को हरिजनों ने मारा है और अब वे इतने कमजोर नहीं हैं लेकिन आम हिदायतें हम फिर से जारी कर देंगे।

श्री सूरज भान (अम्बाला) : आप होम मिनिस्टर हो कर यह बात कह रहे हैं कि हरिजनों ने ठाकुरों को मारा है। आप एक गलत इम्प्रेशन मुल्क को देना चाहते हैं। इस में हरिजनों पर और अत्याचार होंगे। आप मुझे उस जगह का नाम बताइए जहां पर यह हुआ है।

श्री जैल सिंह : मैं बताऊंगा, आप चिन्ता क्यों करते हैं।

श्री सूरज भान : आप होम मिनिस्टर हो कर एक गलत इम्प्रेशन दे रहे हैं।

श्री जैल सिंह : आत्म-सम्मान पैदा करने के लिए यह भी बताना है।

श्री सूरज भान : क्या आप ने ठाकुरों को चीफ मिनिस्टर नहीं बना रखा है। हिमाचल प्रदेश में है, यू० पी० में है, मध्य प्रदेश में है, गुजरात में है। राजस्थान में एक हरिजन चीफ मिनिस्टर था, उस को भी हटा दिया। . . . . (व्यवधान) . . . .

You are giving a wrong impression to the country.

श्री जैल सिंह : मैं एक बात कहता हूं कि किसी की बहु-बेटी की बेइज्जती करने के लिए अगर कोई आ जाए ऊंची जाति वाला, तो क्या उस को नहीं मारना चाहिए। अगर उस को मार दिया, तो क्या बुरा किया।

श्री रशीद मसूद (सहारनपुर): जिन्होंने मारा, वे हरिजन नहीं थे, यह आप को मान लेना चाहिए।

[شری رشید مسعود (سہارنپور) :

جنہوں نے مارا وہ ہریجن نہیں تھے - یہ آپ کو مان لینا چاہئے -]

श्री जैल सिंह : हरिजन नहीं होंगे। जो मुझे बताया गया, वही मैंने कहा है लेकिन मैं यह बता सकता हूं कि आज हिन्दुस्तान में ऐसे एरियाज हैं, जहां पर हरिजनों को एजूकेशन प्राप्त है, वे एजूकेशन प्राप्त कर चुके हैं और उन की एकोनोमिक हालत भी ठीक हो गई है और पूरी हिम्मत से वे बराबरी पर जिन्दा हैं और उन को किसी

का डर नहीं है और यह आजादी की देन है।

(व्यवधान)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: Don't record.

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: If that is so, why are they suffering?

**श्री जैल सिंह :** चक्रवर्ती जी आप तो प्रोफेसर हैं।

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY: That is why I want a logical answer. If they are so strong and all that, why are they suffering?

**श्री जैल सिंह :** हमने तो प्रोफेसर के मुताल्लिक यही सुना है कि उनका जो सबजेक्ट होता है उस पर वे लेक्चर देते हैं और जब उन का पीरियड खत्म हो जाता है, तो चले जाते है। आप हर बात में टांग अड़ाते हैं, क्या बात है ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: You have already taken more time.

**श्री जैल सिंह :** राय साहब ने एक बात कही, जो मेरे से सवाल करने के लिए नहीं कही, बल्कि अपने विचार प्रकट करने के लिए कही कि पैटी बुर्जुआ टेंडेन्सी पैदा हुई है ? यह किस हद तक ठीक है या ठीक नहीं है यह तो मैं नही जानता लेकिन जो मैं देखता हूं और जानता हुं कि यह भाव जो पैदा हुआ है यह बहुत से हरिजन अफसरों में भी मैंने देखा है कि वे अपने भाइयों के साथ भी अच्छी तरह से बात नहीं करते है। मने एक ऐसा अफसर भी देखा है जो कि गरीब घर में पैदा हुआ लेकिन वह ऊंची जाति का था। वह पढ़-लिख कर आई० ए० एस० बन गया। जब उसका पिता जो कि गरीब आदमी था, उससे मिलने के लिए आया तो वह उसके दफ्तर के बाहर बैठ कर इंतजार कर रहा उस आई० ए० एस० अफसर ने अपने पिता का अपने दोस्तों और साथियों से इंट्रोडक्शन नहीं कराया कि यह मेरे पिताजी हैं। ऐसी भावना अकेले हरिजनों में ही पैदा नहीं हुई है, यह टैंडेन्सी हर इंसान में पनपी है। यह टैंडेंसी इंसानियत में है जो अपने साथियों और दोस्तों को अपने पिता के बारे में बताने मे भी इंकार करते हैं।

इस में हम सब का कसूर है क्योंकि हम पूजा करते हैं दौलत की, हम पूजा करते है ताकत की। जिसके पास ताकत हो तो उसकी इज्जत करते हैं या जिसके पास दौलत हो तो उसकी इज्जत करते है। हम गरीब की कठिनाईयों की कुर्बानी की, सेवा की, लियाकत की इज्जत नहीं करते, हम उसका स्टेटस नहीं समझते। सोसायटी में जब तक यह भावना पैदा नहीं होती तब तक इंसानों में से, उनके मनों से यह भावना दूर नहीं होगी। आज आदमी को उसके बैंक बैलेंस से तौला जाता है, उसकी खूबियों से नहीं तौला जाता ;। यह बात केवल हरिजनों में ही नहीं है, यह बात सभी में है। इस बात से मैं सहमत हूं।

यह कहा गया कि बनारसीदास की सरकार गिरा दी। बनारसी दास की सरकार केवल इसी वजह से तो गिरी नहीं थी, उसके साथ कुछ और बातें भी थीं आप तो इस देश की पोलिटिक्स को जानते हैं। हमारी 9 सरकारें गिरायी गयी थीं तब कौन-से कत्ल हुए थे, कौन सी गिरावट आयी थी ? जो दलील चरणसिंह के पास थी, वही दलील मेरे पास भी है। कोई नयी दलील तो मैंने दी नहीं।

**Not recorded

श्री रशीद मसूद : (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have not permitted you. Because the Minister is replying for everything, they are taking advantage. It would be better if the Minister is not so liberal.

श्री जैल सिंह : उनका कहना था कि मेरी स्टेटमेंट में कुछ थोड़ा-सा डाइवर्शन पैदा हो गया है। मैंने खुद भी इस बात को सोचा था कि मैं नाई या तेली बताऊं या न बताऊं। लेकिन मैंने इसलिए यह बताया कि इस झगड़े के पीछे इतना प्रभाव ऊंच-नीच का नहीं था क्योंकि किसी भी ठाकुर ने उन हरिजनों की हिमायत नहीं की। लेकिन उस गांव की जो आबादी है उसमें सभी जाति के लोग बसते हैं। उस गांव में कोई 102 घर हैं। उनमें से 30 घर जाटव के हैं, 25 घर ठाकुर के हैं, ब्राह्मण, खटीक, राय, धोबी, मुसलमान तेली, नाई सभी रले-मिले बाकी के घर हैं। इस गांव में यह बात खास तौर पर इसलिए नहीं पैदा हुई कि नान-हरिजन और हरिजन की बात थी। मैंने आपको पहले भी बताया था कि इन्होंने दोनों ठाकुरों के खिलाफ शहादत दी थी और उस शहादत का बदला लेने के लिए वे पांच आदमियों को मारने जा रहे थे। लेकिन उस वक्त वे उनके हाथ नहीं आये। वे गायब थे, बाहर थे। निर्दोष आदमी मारे गये। अब हम निर्दोष आदमियों के मरने के बाद असलियत निकालेंगे। तो हमको इस बात की गारण्टी करनी है कि आइन्दा के लिए हम कमजोर वर्ग का इस तरह से बेरहमी से मारने का मौका न दें और उसको रोकने के लिए हम यत्न करते हैं। इसके लिए पहली बात सोची गई है कि गांव में जितने अपर क्लास लोगों के पास लाइसेंस हैं उतने ही हरिजनों के पास भी लाइसेंस होने चाहिएं, ताकि वे बराबरी का जीवन बसर कर सकें। इसके लिए तमाम प्रांतों के मुख्य मंत्रियों और यूनियन टैरिटरीज में सूचित किया जा रहा है कि वहां पर इस तरह का रिवाज पैदा किया जाए और साथ ही साथ केवल हरिजन ही नहीं बल्कि दूसरे भी जो कमजोर वर्ग हैं, उनकी रक्षा करनी है, अल्पसंख्यकों की रक्षा करनी है, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि हथियारों से ही बात खत्म नहीं होगी जब तक इन्सान की भावना ठीक नहीं की जाएगी।

यह जो घटना घटी है, इस पर कोई पत्थर दिल इन्सान भी अपने आंसू बहाए बगैर नहीं रह सकता। इतना जुल्म किया गया। क्या इन्सान इतना बेरहम हो सकता है कि मां के पास दो बेटे खड़े हों, 14 वर्ष का और 8 वर्ष का और दोनों बगल में खड़े दाने खा रहे थे और वहां आकर पहले छोटे को और फिर बड़े को और इसके बाद मां को मारा। यानि इतनी नीचता तक इन्सान पहुंच गया है। क्यों पहुंच गया है? इसके लिए हमारे सामाजिक, धार्मिक और पोलिटिकल नेताओं द्वारा जितनी निन्दा इन्सान की की जा सकती है, की जानी चाहिए। जानवर भी अपने समाज के जानवर को इस तरह से नहीं मारता लेकिन यह इन्सान इतना गिर गया है। इसके लिए अकेली सरकार ही नहीं बल्कि समाज ज्यादा जिम्मेदार है। जब तक समाज में ऐसे लोगों का सम्मान खत्म नहीं किया जाएगा तब तक कुछ नहीं होगा। आप ऐसी हवा पैदा करें कि जिन लोगों ने कत्ल किए हैं, उनको समाज से खारिज कर दिया जाए। शासन तो सजा देगा ही। ये लोग हिन्दुस्तान के वफादार नहीं हैं, और भाईचारे में विश्वास नहीं करते, हम इनको किसी पार्टी का मेंबर नहीं बनाएंगे, न इनके यहां खाना खाएंगे और न ही रिश्तेदारी करेंगे। इस प्रकार से इनका सोशल बायकाट किया जाना चाहिए और इस तरह की आप लोगों को हवा पैदा करनी चाहिए और आप जैसे

बुजुर्ग लोग यह काम कर सकते हैं। आजकल तो कोई ज्यादा काम भी आपके पास नहीं है।

मैंने यही कुछ कहना था। मेरा खयाल है कि राय साहब की बातों की सफाई हो गई होगी।

**उपाध्यक्ष महोदय** : श्री उत्तम राठौर।

**श्री उत्तम राठौर** : उपाध्यक्ष महोदय ...।

**(व्यवधान)** ..

MR. DEPUTY-SPEAKER: I am not permitting anybody else. This is not a general disussion. Mr. Uttam Rathod.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No clarification. I am not permitting. Please refresh your minds with the rules. Because the inter-session period was two months, you have foregotten the rules. Please go through them. Now, Mr. Uttam Rathod.

**श्री ग्रेल सिंह** : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे खयाल नहीं रहा। किसी मेम्बर ने कहा था कि मैं जब वहां गया था तो वहां पर मैंने मिठाई खाई। यह बिल्कुल झूठी बात है। आपको याद रखना चाहिए कि बेलची में इतना बड़ा वाकया हुआ, वहां न होम मिनिस्टर गए न चीफ मिनिस्टर गए, और भी कई वाकये होते रहे हैं। मैंने पानी तक भी नहीं पिया। लानत है ऐसे लोगों पर जिन्होंने वहां पर जा कर मिठाइयां खाई।..(व्यवधान)...

**श्री उत्तम राठौर** (हिंगोली): उपाध्यक्ष महोदय, मैंने मंत्री महोदय का भाषण बड़े ध्यान से सुना। काफी अच्छी बातें उन्होंने कही हैं, जैसी हर वक्त वे कहते हैं। "सब कुछ लुटा के होश में आए तो क्या किया" ?

उपाध्यक्ष महोदय, बेहतर यह होता कि जब ये हरिजन प्रोटेक्शन मांगने आए थे पुलिस के पास, उसी वक्त अगर सही समय पर प्रोटेक्शन दी गई होती तो आज शायद मंत्री महोदय को वहां जाना न पड़ता।

मैं सिर्फ दो-तीन चीजों की ओर मंत्री महोदय का ध्यान खींचना चाहता हूं। क्या यह सही है कि फूलन देवी की डकैती के बाद हमारी सरकार ने प्रदेशों के चीफ मिनिस्टर्ज को यह लिखा कि जहां जहां हरिजनों और स्वर्ण हिन्दुओं में झगड़े हैं, जो सैंसेटिव एरियाज हैं वहां वहां हरिजन अगर मांग करते हैं तो उनको आर्म्ज दिए जाएं? अगर ऐसा था और अगर देवली के लोगों ने आर्म्ज मांगे थे तो फिर उनको आर्म्ज क्यों नहीं दिए गए ?

क्या इन लोगों ने प्रोटैक्शन की मांग की थी ? अगर की थी तो कब और उनको प्रोटेक्शन क्यों नहीं दी गई ? जो स्टेशन हाउस आफिसर था उस ने तो देने की जरूरत ही नहीं समझी लेकिन जो सुपरवाइजरी स्टाफ था उन दिनों, वह क्या कर रहा था ?

हकूमत ने एलान किया था कि आइन्दा जातीय दंगे रोकने के लिए हरिजनों, गिरिजनों, मुसलमानों और जितनी माइनोरिटी कम्युनिटीज हैं उन सभी के लोगों को हम अपनी फोर्सिस में शरीक करेंगे। ऐसा हम ने डेढ़ दो साल पहले कहा था। मैं जानना चाहता हूं कि इस पालिसी पर अब तक कितना अमल हुआ है ?

इस घटना को घटे हुए पांच दिन हो गए हैं। इन पांच दिनों में यह जो राधे और सन्तोषा आदि लोग हैं इन में से कितनों को गिरफ्तार किया गया है और कौन कौन से हथियार उन से बरामद किए गए हैं ?

[श्री उत्तम राठौर]

यहां से पुलिस स्टेशन सिर्फ आठ-किलोमीटर दूर है। जैसा कि स्टेटमेंट में बताया गया है लगभग 24 लोग मारे गए हैं। और छः या आठ घायल हुए हैं। इसका मतलब यह हुआ कि कम से कम 30-32 मर्तबा गोलियां चली होंगी जिन में से कुछ राइफलों से भी चली होंगी। इसका मतलब यह हुआ कि जो इन से आवाज निकली वह बहुत दूर तक पहुंची होगी। क्या यह नहीं हो सकता था कि पुलिस फोर्स वहां जल्दी पहुंचती ? पुलिस ने इतनी देर आने में क्यों की ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon Minister may reply. The hon Member has put specific questions. That isgood.

**श्री जैल सिंह** : पुलिस फोर्स में उनको शरीक किया जाएगा यह बात मैंने कही थी और उस पर हम अमल कर रहे हैं। मैं पहले ही जवाब में कह चुका हूं कि कहीं कहीं से हम को शिकायतें मिली हैं कि इस पर अमल नहीं हो रहा है। अब हम सख्ती से इस पर अमल कराएंगे।

माननीय सदस्य ने सवाल किया है कि पुलिस प्रोटैक्शन उनको क्यों नहीं दी गई। दरहकीकत बात यह थी कि जब गवाही देने वाले पुलिस के पास गए कि हम को लाइसेंस दिए जाएं तो उसने लाइसेंस नहीं दिए। इसकी भी जानकारी हो रही है और जो उस वक्त के थानेदार थे उसके खिलाफ जानकारी करने के लिए उसको सस्पेण्ड भी कर दिया गया है और उसके साथ साथ और भी ससपैंड हुए हैं।

एक सवाल माननीय सदस्य ने यह किया है कि जब गोलियां चल रही थीं तो जल्दी पुलिस को इत्तिला क्यों नहीं दी गई। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि जल्दी इत्तिला वहां जा कर दे सकते थे जो नहीं मरता या मारने वाला नहीं था। जो बेचारे खेत में जा कर छिप गए अपनी जान बचाने के लिए वे कैसे जा सकते थे और दूसरे लोग चाहते थे कि उनको मार दिया जाए। यह भी मैंने सुना है और इसकी मैं तस्दीक कर रहा हूं कि राधे और संतोष को असला लाने के लिए गांव के ठाकुरों ने चन्दा इकट्ठा कर के दिया था। इससे आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि जो चन्दा इकट्ठा करके डाकुओं को सहायता देता है तो वह कोई कार्रवाई उनके खिलाफ कर सकता है या उनकी शिकायत करने वह जाता ?

एक और बात की भी जानकारी हो रही है। दो लाइसेंसदार और उस गांव के। उनकी ड्यूटी थी कि जहां कोई दंगा फसाद हो रहा हो वहां वे जाते। उनकी जानकारी भी पुलिस कर रही है। इस मामले में इन सारी बातों को हम ने भुलाया नहीं है। ऐसा नहीं है कि हम ने इस सब को इगनोर कर दिया है। इन सब बातों को हम देख रहे हैं। यह कहना कि उनकी सुनी जाती तो आज हम को वहां जाने की जरूरत नहीं थी, दुरुस्त है। मैंने इस घटना पर दुख प्रकट किया है। हम इसका इलाज करना चाहते हैं। जल्दी पुलिस के पास कैसे सन्देशा पहुंचता। उस गांव से थाने तक कोई रास्ता ही नहीं है, सड़क नहीं है। अगर पुलिस को जाना पड़े तो सात मील के बजाय 17 मील का रास्ता पड़ता है यह मुझे लोगों ने बताया है। पुलिस को खबर नहीं हुई। जब खबर हो गई तो उसी वक्त वह पहुंच गये।

**श्री उत्तम राठौर** : मैंने यह पूछा था कि आर्म्स लाइसेंस उन्होंने मांगे थे कि नहीं ? और अगर मांगे थे तो उनको क्यों नहीं दिये गये।

**श्री जैल सिंह** : मैंने पहले भी कहा कि जब उन्होंने शस्त्र मांगे थे और उनको

शस्त्र नहीं दिये गये, जिन्होंने ऐसा किया उनको सस्पेंड कर के जानकारी की जा रही है उनको सजा मिलेगी कि क्यों नहीं शस्त्र दिये गये, और मैं तो और आगे जानना चाहता हूं कि जब उन्होंने गवाही दी डाकुओं के खिलाफ तो पुलिस का फर्ज था कि वह नहीं भी मांगते तब भी उनको शस्त्र दिए जाने चाहिए थे। लेकिन अभी मैं कुछ नहीं कह सकता कि कितनी उनको सजा दे सकेंगे उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री। उन्होंने मुझे से कहा है कि उन्होंने उनके साथियों को भी सस्पेंड कर दिया है और हम पूरी जानकारी कर रहे हैं। उनको भी सजा देंगे।

(व्यवधान)**

MR. DEPUTY-SPEAKER: No clarification. The Minister will not reply. Nothing will go on record. All of you please sit down. I am not permitting you. This is only a calling attention. Mr. Rathore did not get up. Nothing except what Mr. Sinha says will go on record. He is just now getting up.

श्री उत्तम राठौर : मैंने यह पूछा था कि पिछले 5 दिनों में कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है और कौन कौन से उनके पास से आर्म्स बरामद हुए हैं ?

श्री जैल सिंह : मैंने जवाब दिया कि हमारे पास अभी यह फैक्ट्स और फिगर्स नहीं हैं सरकार की तरफ से दिये हुए कि कितने आदमी उन्होंने पकड़ लिये हैं और कितने नहीं पकड़े हैं। यह अन्डर इन्वेस्टीगेशन है।

MR. DEPUTY SPEAKER: Shri Sinha.

SHRI DHARAM BIR SINGH: (Barh): Mr. Deputy-Speaker, Sir, it is obvious that there has been a failure of the Government. This is a continuing failure of the Government because, as the Home Minister himself has admitted just now, no arrests have been made so far.

SHRI ZAIL SINGH: I have not said these things.

मैंने कहा है कि हमारे पास कोई इत्तिला नहीं है कि आखिर कितने पकड़े गये हैं और कितने नहीं पकड़े गये हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is replying to his question.

SHRI DHARAM BIR SINHA: I would amend this by saying that there has been continuing failure of the Government because the Home Minister of India has told us at this moment that he had no information whether anyone had been arrested or not. This is a failure.

Mr. Deputy-Speaker, in this Parliament, practically every week, we have had occasion so discuss the problem and the situation about the atrocities. We are discussing at the moment the atrocities committed in the village of Deholi. We have condemned this outrageous thing through various Parliamentary devices like the Calling Attention, Adjournment Motion and Resolution.

But, in the last two years, we only got a repeat performance—every week. I know the situation and the problem is difficult. I myself come from one of the most disturbed and violent areas of this county.

Why does this happen? Why is it that this thing should happen as Mr.

** Not recorded.

[Shri Dharam Bir Sinha]

A.K. Roy just referred as also my friend Mr. Chakraborty.

In our Indian society, we do try to become more human, but today after thirty years since we lost our Father of the Nation—it took at least thousand years for the spirit of Budha to go away from this country—we find the Gandhian spirit to be vanishing. We are again being made into inhuman human beings. I know Indian society has been violent but there has been periods of sublimation through our national life and leadership. Unfortunately we do not have sublimated leadership in the country which can cut across the mounting tensions in our society. The society is being torn as under.

15 hrs.

Sir, it is not only atrocities on Harijans but we also know what is happening in Assam, Punjab and all over the country. These are not just symbolic of the ills that are affecting the Indian society. The represent the wounds which are coming on the surface. Now, what are we doing? Are we doing anything? Can this Parliament provide leadership?. I am not asking the Government only. I am asking everyone of us.

As I said in the beginning so far as this incident is concerned, there has been obvious and continuing failure of this Government.

Should we confine ourselves to a debate as and when such an incident like this takes place? This problem is not only political but it has also great social dimensions—the intolerance that is growing in our society, the weaknesses that are growing in our society, the violence that is growing in our society and the hate that is growing in our society. Are we doing anythings? Is the Home Minister willing to take this Parliament with him and lead this Parliament so that we could perhaps try to change when we have still time? I fear, Mr. Deputy Speaker, that we are going the way in which the Latin American countries have gone where violence rules. Sir, the cushion which the parliamentary democracy provides, it seems, unfortunately, in our country is being eroded. I would only ask whether the Government would like to act politically, socially and add to its political will to try to understand and try to resolve the tensions that are growing in our society and try to meet the violence when there is still time. That is all that I have to ask.

**श्री बैल सिंह** : डिप्टी स्पीकर साहब, श्री सिंह ने ये सुझाव दिया है कि अगर इन बातों को सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से देखा जाए, तो इस समस्या का समाधान कैसे किया जा सकता है। मैं इस पर सोच सकता हूं। उन्होंने इस वाकये की कानडेम्नेशन की है। वह हम सब करते हैं।

एक बात का उनको दुख हुआ कि होम मिनिस्टर को अब तक पता नहीं है कि कितने आदमी पकड़े गए हैं। आज सुबह हमने प्रदेश सरकार को कानटेक्ट किया था। उस वक्त उनके पास किसी के पकड़े जाने की कोई इत्तिला नहीं थी। हमने कहा है कि जब वे एक या दो या चार लोगों को पकड़ें, तो हम को इत्तिला दे दें। अब तक मुझे यह इत्तिला नहीं मिली है। अगर हाउस में सही बात कहने से माननीय सदस्य का यह ख्याल हो जाए कि....

**डा० सुब्रमण्यम स्वामी** (बम्बई उत्तर पूर्व) : दो चार को पकड़ने में क्या हर्ज है? दो चार को पकड़ लीजिए।

**श्री बैल सिंह** : श्री सिंह ने लैटिन अमरीका का भी उदाहरण दिया और पंजाब और दूसरे हिस्सों में कुछ लोग जो गड़बड़ कर रहे हैं, उसके बारे में भी उन्होंने अपने विचार प्रकट किए। उनका ख्याल ठीक

है । ऐसे तत्व और ऐसी शक्तियां देश में मौजूद हैं जो गड़बड़ फैलाने की कोशिश करती हैं। मुझे बहुत प्रसन्नता होगी, अगर श्री सिंह सब पार्टियों को कहें कि जहां भी बद-अमनी पैदा होती है, जहां ऐसे तत्व हैं, हमको उनके खिलाफ राजनीति से ऊपर उठकर फ़ैसले करने चाहिएं । उन लोगों को शह मिल जाती है । विरोधी दल में बैठ कर इन्सान का दिमाग और हो जाता है और इधर आकर और हो जाता है । जब तक यह नहीं बदलता है, तब तक इस बात का इलाज करना बड़ा मुश्किल है । (व्यवधान) ज्यादातर हमारे वे दोस्त बोल रहे हैं, जो लोकदल के हैं । मैंने पहले भी कहा था कि चौधरी चरण सिंह का जमाना देख लीजिए, उसमें क्या होता रहा । उनका होम मिनिस्ट्री का जमाना भी देख लीजिए, कहां कहां वे जाते थे और कहां कहां नहीं जाते थे । (व्यवधान) तब बेलछी कांड हुआ । उस वक्त वहां लोकदल के मुख्य मंत्री थे। अब तक उसका मुकदमा चलता रहा । किसी ने जाकर खबर नहीं ली, किसी ने उसको नहीं पूछा । कोई स्पेशल अदालत नहीं बिठाई गई, ताकि जल्दी से जल्दी मुकदमे का निपटारा हो जाए। मुझे खुशी है कि उनको अहसास हुआ। जब वे इधर बैठे हुए थे, उस वक्त नहीं हुआ । अब हो गया है, भगवान् की बड़ी कृपा हो गई है। (व्यवधान) हम पर तो पहले ही कृपा हो गई थी । हमें आपोज़ीशन का तजुर्बा हो गया है । यह सिर्फ उनकी बात है, जिनको कभी मौका नहीं मिला । अगर उनको कभी मौका मिले और वे इधर आ जाएं,... (व्यवधान) अब ज्यादा शोर मचाने से फ़ायदा नहीं है । लोगों ने यह फ़ैसला किया है । (व्यवधान)

**एक माननीय सदस्य :** सारी दुनिया में हो रहा है।

**श्री जैल सिंह :** क्या हो रहा है ? मैंने कब कहा है कि नहीं हो रहा है । होता है । मैंने जो बात कही है, उसका इलाज करना चाहिए । जो दिमाग इधर बैठने के वक्त था, वही होना चाहिए ।

**श्री सूरज भान :** इस विषय पर पूरा डिसकशन होना चाहिए । इसमें बहुत सी बातें अधूरी रह गई हैं। स्पीकर साहब ने कहा था कि इस पर डिसकशन होगा ।

---

15.09 hrs.

## STATEMENT RE: INDIA'S EXTENDED ARRANGEMENT WITH THE INTERNATIONAL MONETARY FUND

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, the hon. Finance Minister to make a Statement.

SHRI SATISH AGARWAL (Jaipur): Before the hon. Finance Minister makes a statement on this subject, I have to submit that I have addressed a letter to hon. Speaker on Saturday when there was a meeting of the Opposition Parties. We were given to understand that the relevant documents and copies of agreements etc. have been placed in the Library. I went to the Library this morning and I find that only one letter addressed by the hon. Finance Minister to the managing Director of IMF dated 28th September has been placed in the Library. Nothing else is available in the Library. I would like to know with regard to this what is the position I addressed a letter to the Speaker. We were told on Saturday by the Speaker that all the documents have been placed in the Library. But they are not available in the Library.

MR. DEPUTY-SPEAKER: They have been placed in the Library.

SHRI SATISH AGARWAL: No. It is not available there. There is only